<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–19.10.2024 (संध्या 1900 बजे)</u>
<u>मुख्य समाचार</u>

1. **निर्वाचन आयोग ने राज्य के कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता को तत्काल हटाने का दिया निर्देश, आयोग के निर्देश के बाद अजय सिंह बनाए गए नए डीजीपी।**
2. **विधानसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे का फार्मूला तय, झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस 70 सीटों पर चुनाव लडेंगे, राजद और सीपीआई एमएल को ग्यारह सीटें।**
3. **सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार पर बेवजह एसएलपी दायर करने पर एक लाख रुपए का ठोका जुर्माना, दोषी अधिकारियों को चिन्हित कर उनसे जुर्माने की राशि वसूलने का दिया आदेश।**
4. **झारखंड़ की अंतराष्ट्रीय तीरंदाज दीपिका कुमारी मैक्सिको में आज से आयोजित हो रहे तीरंदाजी विश्वकप फाइनल–2024 में पांदच सदस्यीय भारतीय टीम का करेंगी प्रतिनिधित्व।**

<u>समाचार विस्तार से</u>

***************

निर्वाचन आयोग ने राज्य के कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता को तत्काल हटाने का निर्देश दिया है। भाजपा ने विधानसभा चुनाव के सिलसिले में उनकी कार्यशैली को लेकर आयोग में शिकायत दर्ज करायी थी। आयोग के निर्देश के बाद अजय सिंह नए पुलिस महानिदेशक बनाए गए हैं। इससे पहले भी वे राज्य के पुलिस महानिदेशक रह चुके हैं। इसके साथ पुलिस महानिदेशक पद के लिए तीन वरीय पुलिस पदाधिकारियों का पैनल भी दस नवंबर तक भेजने का भी निर्देश आयोग ने दिया है।

***************

झारखंड के विधानसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन ने सीट बंटवारे का फार्मूला तय कर लिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस 70 सीटों पर चुनाव लडेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने रांची में संवााददाताओं को बताया कि 11 सीटें राष्ट्रीय जनता दल और भारतीय कम्युनिस्ट पाटी–एम.एल. को दी गई हैं। श्री सोरेन ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस में सीटों पर बंटवारा शीघ्र कर लिया जाएगा। श्री सोरेन ने कहा कि उम्मीदवारों की सूची तैयार है और जल्द ही इसे सार्वजनिक किया जाएगा।

इधर, कांग्रेस के बन्ना गुप्ता ने कहा कि इंडी के घटक दलों में सीटों के बंटवारे पर कोई मतभेद नहीं है। सभी दल मिलकर मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगे।

***************

राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता मनोज झा ने कहा कि इंडी गठबंधन में घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग पर जो निर्णय लिया है, वह पार्टी के लिए निराशाजनक है। पार्टी ने झारखंड में पन्द्रह से बाईस ऐसी सीटों को चिन्हित किया है जहां हमारी स्थिति मजबूत है।

***************

झारखंड भाजपा विधानसभा चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह चुनाव सत्ता के लिए नहीं है बल्कि झारखंड की अस्मिता बचाने का चुनाव है।

***************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो चरणों में होने वाले झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान नौ जन सभाओं को संबोधित करेंगे। हालांकि, प्रधानमंत्री की ये जन सभाएं कब और कहां–कहां होंगी, इसपर निर्णय ले लिया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने बताया कि प्रधानमंत्री के चुनावी दौरे को देखते हुए पार्टी द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है।

**************

विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही भाजपा राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ और अक्रामक हो गयी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने फिर हेमंत सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। श्री मरांडी ने यह भी कहा है कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही स्नातक और स्नातकोत्तर पास युवाओं को प्रतिमाह 2 हजार रुपए का भत्ता दिया जाएगा।

**************

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वंदना श्रीनिवासन की अध्यक्षता मे महिला मोर्चा और प्रदेश कार्यसमिति की आज रांची में बैठक हुई। इस बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर उन्होंने पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत के साथ प्रचार अभियान में जुड़ने को कहा। उन्होंने दावा किया कि इस बार एनडीए की सरकार बनेगी।

**************

बहुजन समाज पार्टी झारखंड विधानसभा के सभी इक्यासी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने कहा कि चुनाव को लेकर बैठकों का दौर चल रहा है। बहुत जल्द ही प्रत्याशियों के नाम तय कर उसकी सूची जारी कर दी जाएगी।

**************

विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में कई कदम उठाए जा रहे हैं। और ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता –

**************

लोहरदगा में विधानसभा चुनाव को लेकर गठित विभिन्न कोषांगों की आज बैठक हुई। उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सभी कोषांगों को समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया। डीडीसी ने बताया कि जिला प्रशिक्षण कोषांग द्वारा मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण 21 अक्टूबर से शुरू होगा।

**************

सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार पर बेवजह एसएलपी दायर करने पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। अदालत ने कहा कि इस तरह के एसएलपी दायर किए जाने से समय की बर्बादी होती है। अदालत ने इसके लिए दोषी अधिकारियों को चिन्हित कर उनसे जुर्माने की राशि वसूलने का आदेश दिया है। इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री से कहा है कि वे सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को गंभीरता से लें और जिन अधिकारियों ने दुर्भावना से ग्रसित होकर ऐसे एसएलपी दायर किए हैं, उनसे पैसे की वसूली की जाए।

**************

झारखंड़ की अंतराष्ट्रीय तीरंदाज आज से शुरु होने वाले तीरंदाजी विश्व कप फाइनल–2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी. मैक्सिकों की मेजबानी में हो रहे इस विश्वकप में भारत की पांच सदस्यीय टीम भाग ले रही है. इन तीरंदाजों में दीपिका कुमारी के अलावा एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम, धीरज बोम्मदेवरा, तथा प्रियांश और प्रथमेश फुगे शामिल हैं।

*******************

**अब विधानसभा चुनाव से जुड़ी संक्षिप्त खबरें**

- साहिबगंज के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमन्त सती ने विधानसभा चुनाव को लेकर राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज स्थित रिसीविंग सेंटर, ब्रज गृह और मतगणना केंद्र का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को कई निर्देश दिए।
- सरायकेला–खरसावां जिला प्रशासन द्वारा आदित्यपुर में दो दिवसीय लिटरेचर फेस्टिवल छाप का आयोजन हो रहा है। इस साहित्य महोत्सव में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा भी मौजूद रहीं। इस दौरान उन्होंने हस्ताक्षर जागरुकता अभियान के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। प्रसिद्ध कलाकर अखिलेंद्र मिश्रा ने भी इस मौके पर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।
- पाकुड़ जिले में विधानसभा चुनाव को लेकर नियुक्त किए गए माइक्रो ऑब्जर्वरों को प्रशिक्षण दिया गया।

**********समाप्त**********